# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (05.01.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 05.01.2025, PAGE-04**

### सात तक परीक्षा फॉर्म भरने का मौका

मुजफ्फरपुर। चार वर्षीय स्नातक के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर फॉर्म भरने से वंचित छात्रों को बीआरएबीयू प्रशासन ने एक और मौका दिया है। ये छात्र सात जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक ने शनिवार को इसको लेकर निर्देश जारी किया।

सीबीसीएस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का यह मामला है। इस सत्र के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 9 जनवरी से है। इसमें 3 हजार से अधिक छात्र परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गए थे। शनिवार शाम निर्देश जारी किया गया कि चार से सात जनवरी तक 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ दिया जा रहा है।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:05.01.2025, PAGE-04**

### सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए शुरू हुई आवेदन की प्रक्रिया

# पीजी की 11 हजार सीटों पर दाखिले को खुला पोर्टल

**बीआरएबीयू**

- स्नातक पास 90 हजार विद्यार्थी नामांकन के लिए करेंगे आवेदन
- आवेदन आने के बाद विद्यार्थियों की निकाली जाएगी मेरिट लिस्ट

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। पीजी की 11 हजार सीटों पर नामांकन के लिए शनिवार से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई। स्नातक पास 90 हजार से अधिक छात्र दाखिले के लिए आवेदन करेंगे। सत्र 2024-26 पीजी में नामांकन के लिए बीआरएबीयू प्रशासन ने यूएमआसईएस पोर्टल खोला है। हालांकि, देर शाम इसका निर्देश जारी किया गया। ऐसे में सही तरीके से सोमवार से ही नामांकन के लिए आवेदन हो पाएगा।

विवि ने इसे लेकर सभी कॉलेज और पीजी विभागाध्यक्ष को निर्देश दिया है। डीएसडब्ल्यू आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि छात्रों से कॉलेज का विकल्प मांगा गया है। नामांकन में छात्राओं की सुविधा का ख्याल रखा जाएगा। स्नातक सत्र 2021-24 का रिजल्ट जारी हो चुका है। इस सत्र में स्नातक में लगभग 94 हजार विद्यार्थी थे। इन विद्यार्थियों को पीजी में नामांकन को लेकर आवेदन करना है। डीएसडब्ल्यू ने कहा कि पोर्टल 20 जनवरी तक खुला रहेगा। पीजी में अभी लगभग 11 हजार सीट हैं जिनके लिए आवेदन होगा। पिछले साल कुछ कॉलेज में पीजी में सीट बढ़ाई गई थीं। पोर्टल पर आवेदन आने के बाद छात्रों की मेरिट लिस्ट निकाली जाएगी। मेरिट के आधार पर नामांकन होगा। मेरिट लिस्ट बनाने में ध्यान रखा जाएगा कौन छात्र किस जिले का है। आवेदन करने के बाद छात्रों की काउंसिलिंग की जाएगी।

#### पिछले साल से सात नए कॉलेजों में हो रही पीजी की पढ़ाई

पिछले साल से बीआरए बिहार विवि के सात नए कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई हो रही है। डीएसडब्ल्यू ने बताया कि इसका फायदा छात्रों को मिला है। आरबीबीएम कॉलेज, रामेश्वर कॉलेज, एलएनडी कॉलेज, आरएलएसवाई कॉलेज आदि शामिल है। रामेश्वर कॉलेज में पीजी में कॉमर्स की पढ़ाई हो रही है। वहीं, भोजपुरी की पढ़ाई भी पिछले साल से एलएस कॉलेज में हो रही है।

**Ref:....................** **Date:.........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:05.01.2025, PAGE-04**

# वीसी ने देखी विद्यार्थियों की बनाई चित्र और मूर्तिकला

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में ईस्ट जोन युवा-महोत्सव में भाग लेने के लिए चयनित प्रतिभागियों का विगत 25 दिनों से चला रहा प्रशिक्षण शिविर शनिवार को समाप्त हो गया। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र राय ने विवि ऑडिटोरियम में चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।

उन्होंने संगीत और नृत्य के प्रतिभागियों की प्रस्तुति देखकर काफी सराहना की और सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। वीसी ने इस दौरान ललित कला के प्रतिभागियों द्वारा विगत दिनों बनाई गई चित्रकला, कोलाज, कार्टूनिंग, इंस्टालेशन, पोस्टर, मूर्तिकला आदि देखकर प्रसन्नता जाहिर की। मौके पर प्रो. रजनीश गुप्ता, डॉ. पयोली, डॉ. अनुराधा पाठक, डॉ. रमेश कुमार विश्वकर्मा और अजय कुमार थे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 05.01.2025, PAGE-02


# कन्या उत्थान में 20 हजार छात्राओं का रिजल्ट अपलोड

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पिछले दिनों स्नातक उत्तीर्ण हो चुकी छात्राओं का रिजल्ट अब विश्वविद्यालय की ओर से तेजी से अपलोड किया जा रहा है। सत्र 2019-22 और 2020-23 में स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं का रिजल्ट अपलोड करने के बाद इसे अप्रूव्ड करने की प्रक्रिया भी साथ-साथ चल रही है। जिले के करीब 15 से अधिक कालेजों का डाटा अपलोड करने के बाद विश्वविद्यालय स्तर से वैशाली जिले के कालेजों से जुड़े डाटा भी अपलोड होने शुरू हो गए हैं। राज्य सरकार के स्तर से सभी विश्वविद्यालयों को पिछले सत्रों का डाटा 11 जनवरी तक अपलोड करना है। इसके बाद छात्राएं पोर्टल खोलकर अपना डिटेल देख सकेंगी। इसके लिए पोर्टल खोला जाएगा। अब तक पोर्टल नहीं खुलने से छात्राएं अपना नाम, कालेज का नाम समेत अन्य जानकारी नहीं देख पा रही हैं। शनिवार को काफी संख्या में छात्राएं विश्वविद्यालय पहुंचीं। छात्राओं का कहना था कि कन्या उत्थान पोर्टल पर उनका नाम या कोई भी रिकार्ड प्रदर्शित नहीं हो रहा है। एसआरएपी कालेज बारा चकिया से विश्वविद्यालय पहुंची छात्रा सुमन कुमारी ने बताया कि दो बार कालेज में जाकर अपना सभी दस्तावेज जमा करा चुकी हैं, लेकिन अब तक पोर्टल पर कोई रिकार्ड नहीं दिख रहा है।

**2 से तीन दिनों में छह जिलों की करीब 60 हजार से अधिक छात्राओं का डाटा होगा प्रदर्शित**

### तीन से चार दिनों में सभी जिलों का दिखेगा डाटा

तीन से चार दिनों में विश्वविद्यालय के तहत आने वाले जिलों की छात्राएं अपना डाटा कन्या उत्थान पोर्टल पर देख सकेंगी। इसके लिए विश्वविद्यालय स्तर से रिजल्ट अपलोड करने के साथ-साथ ही उसे वेरीफाइ भी किया जा रहा है। वेरीफाइ करने के साथ ही पोर्टल पर विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों से जुड़ा डाटा छात्राओं को प्रदर्शित होगा। सबसे पहले मुजफ्फरपुर, उसके बाद वैशाली, फिर पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और आखिरी में सीतामढ़ी का डाटा अपलोड किया जाना है।

# शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निजी स्कूलों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** निजी स्कूलों में गरीब बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्वीकृति प्राप्त निजी स्कूलों में अलाभकारी समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन होगा। निजी स्कूलों में नामांकन के इच्छुक अभिभावक ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन करेंगे। विभाग की ओर से नए सत्र 2025-26 में आरटीई के तहत एडमिशन के लिए छात्रों का पंजीयन 25 जनवरी तक होगा। इसके साथ ही पंजीकृत छात्रों का सत्यापन 30 जनवरी से 10 फरवरी 2025 तक होगा। इसके अलावा सत्यापित छात्रों का आनलाइन स्कूल आवंटन 15 फरवरी को किया जाएगा। वहीं चयनित विद्यार्थियों को स्कूलों में प्रवेश 16 फरवरी से 28 फरवरी तक दिया जाएगा। आरटीई के तहत वैसे अलाभकारी समूह के बच्चे आवेदन कर सकते हैं, जिनके अभिभावक की वार्षिक आय एक लाख रुपये तक है। वहीं कमजोर वर्ग की श्रेणी में वैसे बच्चों का ही आवेदन लिया जाएगा जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय दो लाख रुपये तक है। वहीं बच्चों की आयु एक अप्रैल 2025 तक छह वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है। यानि दो अप्रैल 2017 से एक अप्रैल 2019 के बीच बच्चों का जन्म होना चाहिए।

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR
PIN-842001 (BIHAR)
Website:-www.brabu.net

Ref:.....................                                                                 Date:..........................

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR,
DATE:05.01.2025, PAGE-02**

# विलंब शुल्क 500 रुपये के साथ सात तक भर सकते परीक्षा फार्म

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय स्नातक कोर्स के प्रथम सेमेस्टर में नामांकित छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा फार्म भरने की तिथि विस्तारित कर दी है। अब विद्यार्थी 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ सात जनवरी तक फार्म भर सकेंगे। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से निर्देश जारी किया गया है। सभी अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों के प्राचार्यों को इसकी जानकारी दी गई है। परीक्षा विभाग की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया है कि कई कालेजों में अब भी काफी संख्या में विद्यार्थियों ने परीक्षा फार्म नहीं भरा है। ऐसे में विश्वविद्यालय की ओर से एक बार फिर फार्म भरने की तिथि विस्तारित की गई है। दूसरी ओर परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड भी जारी किया जा चुका है। अगले तीन से चार दिनों में परीक्षा फार्म भरने वाले सभी छात्र-छात्राओं का एडमिट कार्ड आठ जनवरी को संबंधित कालेजों में भेजा जाएगा।



## पीजी में नामांकन के लिए 20 तक आनलाइन आवेदन

**मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी के नए सत्र में नामांकन के लिए पोर्टल खोलने की अनुमति मिल गई है। सत्र 2024-26 में होने वाली नामांकन प्रक्रिया के लिए विद्यार्थी 20 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे। पीजी विभागों और कालेजों में विभिन्न विषयों के लिए निर्धारित 11554 सीटों पर नामांकन होना है।

**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE : 05.01.2025, PAGE-08

# पीजी में दाखिले की प्रक्रिया शुरू, 20 तक आवेदन

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में पीजी सत्र 2024-26 में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. विवि के पोर्टल पर 20 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा. पीजी विभागों और कॉलेजों में कुल 11554 सीटों पर नामांकन के लिए पोर्टल खोला गया है. डीएसडब्ल्यू डॉ आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि 20 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन लेंगे. इसके बाद स्नातक के अंकों के आधार पर मेधा सूची जारी होगी. नामांकन प्रक्रिया जनवरी में पूरी करने का लक्ष्य है.

# पोर्टल पर डेटा देने में लापरवाही बरत रहे कॉलेज

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों की ओर से ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने में लापरवाही बरती जा रही है. कॉलेजों की ओर से सहभागिता नहीं होने के कारण प्रदेश में उच्च शिक्षा में जीइआर की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है. उच्च शिक्षा विभाग की ओर से इसको लेकर दिशानिर्देश दिया गया है. कहा गया है कि 15 जनवरी तक पोर्टल खुला है. ऐसे में इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर डेटा हर हाल में अपडेट करें.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:05.01.2025, PAGE-08**

## दिक्कत. 11 जनवरी तक पोर्टल पर अपलोड होगा छात्राओं का नाम

# कन्या उत्थान योजना : पोर्टल पर नहीं था नाम, विवि पहुंचीं छात्राएं

- कन्या उत्थान योजना के लिए छात्राओं का दिखेगा ब्योरा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के विभिन्न कॉलेजों से स्नातक उत्तीर्ण हुई छात्राओं को सीएम कन्या उत्थान योजना का लाभ दिया जाना है. इसको लेकर शिक्षा विभाग की ओर से पोर्टल खोला गया है. विवि की ओर से छात्राओं का विवरण पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है. सत्र 2019-22 व 2020-23 में स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं का रिजल्ट अपलोड करने व उसे सत्यापित करने की प्रक्रिया एक साथ की जा रही है. मुजफ्फरपुर के 15 कॉलेजों का डेटा अपलोड कर दिया गया है. वैशाली के कॉलेजों का डेटा भी अपलोड करना शुरू हुआ है. 11 जनवरी तक डेटा अपलोड करने की प्रक्रिया पूरा करने का आदेश दिया गया है. इसके बाद छात्राएं विवि का नाम, रजिस्ट्रेशन नंबर व अंकपत्र का नंबर डालकर अपने आवेदन की प्रक्रिया को पूरा करेंगी. शनिवार को बड़ी संख्या में छात्राएं पोर्टल पर नाम नहीं होने की शिकायत लेकर विवि पहुंचीं. छात्राओं को कहा गया कि अबतक पोर्टल खुला नहीं है. इस कारण छात्राओं को उनका विवरण नहीं दिख रहा है.विवि की ओर से छात्राओं का विवरण अपलोड किया जा रहा है. 11 जनवरी के बाद छात्राओं का विवरण दिखने लगेगा. बताया गया कि चार दिनों में सभी जिलों के कॉलेजों की छात्राओं का विवरण पोर्टल पर दिखने लगेगा. यह विवरण योजना को लेकर विकसित किये गये नये पोर्टल पर दिखेगा.

## तीन केंद्रों पर संगीत की प्रायोगिक परीक्षा आठ से

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से स्नातक सत्र 2024-28 के प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं की संगीत की प्रायोगिक परीक्षा आठ जनवरी से शुरू होगी . इसको लेकर तीन केंद्र बनाये गये हैं . परीक्षा नियंत्रक डॉ सुखालाल पासवान ने बताया कि अंगीभूत व संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को कहा है कि संबंधित केंद्रो पर छात्र-छात्राओं को ससमय उपस्थित होने को कहा है . मुजफ्फरपुर व वैशाली जिले के सभी कॉलेजों के विद्यार्थी नीतीश्वर कॉलेज, पूर्वी व पश्चिमी चंपारण के सभी कॉलेजों के विद्यार्थी पंडित उगम पांडेय महाविद्यालय मोतिहारी, सीतामढ़ी व शिवहर के सभी कॉलेजों के छात्र-छात्राएं उर्मिला देवी सदानंद यादव गुरुकुल डिग्री महाविद्यालय डुमरा, सीतामढ़ी में प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होंगे.

## नौ से परीक्षा, सात तक विलंब शुल्क के साथ भरें फॉर्म

स्नातक सत्र 2024-28 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा नौ जनवरी से शुरू होगी . इसको लेकर सात जनवरी तक पांच सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फॉर्म भरा जायेगा. एडमिट कार्ड जारी किया जा चुका है, लेकिन कॉलेजों की ओर से बताया गया कि कुछ छात्र फॉर्म भरने से छूट गये हैं . ऐसे में उनके लिए विलंब शुल्क के साथ मौका दिया गया है . इनका एडमिट कार्ड आठ जनवरी को कॉलेजों को भेजा जायेगा.